पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2021-2023, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ■जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ■जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित



"तितली महीने नहीं क्षण गिनती है और उसके पास पर्याप्त समय होता है।
-रविन्द्रनाथ टैगोर

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

ताकत किसान की, जवान की

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

■वर्ष : 33 ■अंक : 83 ■मूल्य : रु. 2.00 ■पृष्ठ : 08

जयपुर, शुक्रवार, 22 सितम्बर, 2023

ऑनलाइन पढ़े : epaper.seemasandesh.in

श्रीश्याम बाबा की... 7

स्थापना दिवस

सीएसआईआर-सीरी में 71वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन

इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के बिना कृषि अनुसंधान अधूरा : डॉ. संजय कुमार

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन सेवारत वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) सीरी की पिलानी, राजस्थान स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी) के 71वें स्थापना दिवस का आयोजन, गुरुवार 21 सितंबर को किया गया। इस अवसर पर सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर के पूर्व निदेशक, डॉ संजय कुमार मुख्य अतिथि थे।

राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रुमेन्टेशन लि., जयपुर के प्रबंध निदेशक डॉ राकेश चोपड़ा समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। आयोजन की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने की। इस अवसर पर विशेष आमंत्रिती के रूप में श्रीमती ऋचा संजय कुमार तथा श्रीमती सीमा पंचारिया भी उपस्थित रहे। संस्थान के पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों के अलावा प्रोफेसर एस के वरई, निदेशक, बिट्स-पिलानी, बिट्स पिलानी के रजिस्ट्रार कर्नल सौम्य चक्रवर्ती, आईआईएससी-बैंगलूरू के मानद प्रोफेसर डॉ राजन्ना, सीएसआईआर मुख्यालय से डॉ देवेन्द्र सिंह, स्थानीय शिक्षण व अन्य संस्थानों के गणमान्य अतिथियों तथा मीडिया कर्मियों के अतिरिक्त पिलानी के नागरिक भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ परम्परागत रूप से अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ इस अवसर पर मुख?य अतिथि डॉ संजय कुमार ने संस्थान के सहकर्मियों एवं सभी उपस्थित गणमान्य जनों को 71वें सीरी स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। अपने स?थापना दिवस उद्बोधन में उन्होंने देश के औद्योगिक, कृषि एवं वैज्ञानिक विकास पर प्रकाश डाला तथा देश के नीति-नियंताओं, उद्यमियों, व्यवसायियों की दूरदर्शिता एवं योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कृषि वैज्ञानिक के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कृषि अनुसंधान इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के सहयोग के बिना अधूरा है। उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि वे अपने नवाचारों से कृषि अनुसंधान को भी लाभान्वित करें।

अंत में उन्होंने सीरी के निदेशक व सभी कर्मचारियों को स्थापना दिवस की शुभकामना दी। विशिष्ट अतिथि राकेश चोपड़ा ने इस अवसर पर उन्हें आमंत्रित करने के लिए सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पंचारिया के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में सीएसआईआर-सीरी और अपने संगठन (आरईआईएल) के संबंधों को रेखांकित करते हुए सीरी द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए डॉ पंचारिया को धन?यवाद दिया। उन्होंने डॉ पंचारिया के नेतृत्व में सीएसआईआर-सीरी में चल रहे शोध कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने सीरी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सीरी परिवार के सभी साथियों को स्थापना दिवस की शुभकामना दी।

इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सहित सभागार में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने संस्थान की विगत वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों व पूर्ण की गई परियोजनाओं सहित वर्तमान में जारी शोध परियोजनाओं की जानकारी दी और भविष्य की योजनाओं का रोडमैप प्रस्तुत किया। गतवर्ष के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हुए वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए उन्होंने संस्थान के उद्देश्यों की प्राप्ति में चेन्नै व जयपुर केंद्र सहित अपने सभी वैज्ञानिक,तकनीकी व अन्य साथियों के योगदान की सराहना की तथा पूर्व निदेशकों व सहकर्मियों के योगदान को भी याद किया।